# उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति

(उ0प्र0 सरकार द्वारा गठित)

**मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर, लखनऊ**

ई–मेल : hajcommittee.up@gmail.com, shcuplko@rediffmail.com

वेबसाइटः hajcommittee.up.gov.in

पत्रांक : जी–।।/1211/एस0एच0सी/2025 दिनांक : 20.08.2025

## –: प्रेस विज्ञप्ति :–

हज कमेटी आफ इण्डिया मुम्बई द्वारा सकुर्लर–9 दिनांक 20.08.2025 जारी किया गया है जिसमें सभी प्रोवीज़नली चयनित हज यात्रियों को अग्रिम धनराशि रु 1,52,300/–जमा किये जाने की तिथि 20 अगस्त, 2025 से बढ़ाकर दिनांक 25 अगस्त, 2025 का दी गयी है।

यह भी अवगत कराया गया है कि जिन हज यात्रियों ने शॉर्ट हज में आवेदन किया था तथा उनका कुर्रा (डिजिटल रैण्डम सेलेक्शन) हो गया है उन सभी का शॉर्ट हज में चयन कर लिया गया है।

1. चयनित हज यात्री निर्धारित धनराशि ऑनलाइन वेबसाइट https://.hajcommittee.gov.in पर व हज सुविधा एप पर क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग के माध्यम से भी जमा कर सकते हैं।
2. धनराशि स्टेट बैंक आफ इण्डिया व यूनियन बैंक आफ इण्डिया में भी पे–इन–स्लिप द्वारा हज कमेटी आफ इण्डिया के खाते में जमा की जा सकती है। धनराशि जमा करने हेतु वेबसाइट https://www.hajcommittee.gov.in व www.hajcommittee.up.gov.in पर उपलब्ध सूची में प्रत्येक कवर नम्बर के सामने बैंक रेफरेंस नम्बर अंकित है।
3. धनराशि जमा करने के उपरान्त प्रत्येक यात्री को रसीद/पे–इन–स्लिप हस्ताक्षरित हज आवेदन फार्म, घोषणा पत्र, अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट हेतु घोषणा पत्र, मेडिकल स्क्रीनिंग एण्ड फिटनेस सर्टिफिकेट (निर्धारित प्रारुप पर वेबसाइट पर उपलब्ध है) हज कमेटी आफ इण्डिया के पोर्टल पर अपने लॉग–इन आई0डी0 से अपलोड करना है अथवा कार्यालय उ0प्र0 राज्य हज समिति, मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर, लखनऊ–226008 पर डाक अथवा दस्ती दिनांक 30.08.2025 तक जमा करना आवश्यक होगा।
4. प्रदेश के सभी ज़िलों के मुख्य चिकित्साधिकारियों को स्वास्थ्य विभाग, उ0प्र0 शासन की ओर से ज़िला स्तर पर नियमानुसार मेडिकल स्क्रीनिंग एवं फिटनेस सर्टिफिकेट निर्गत करने हेतु निर्देशित किया गया है, ताकि हज यात्रियों को कोई असुविधा न हो।

(एस0पी0 तिवारी)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, मा0 मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी को अवगतार्थ।
2. निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज को मा0 मंत्री जी को अवगतार्थ।
3. मा0 अध्यक्ष/सदस्यगण, उ0प्र0 राज्य हज समिति, लखनऊ।
4. प्रमुख सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0 शासन।
5. निदेशक, उ0प्र0 अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, इन्दिरा भवन, लखनऊ।
6. समस्त ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, उ0प्र0।
7. समस्त प्रशिक्षक, उ0प्र0/हज सुविधा केन्द्र, उ0प्र।
8. सूचना अधिकारी, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0 ।

(एस0पी0 तिवारी)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी